तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 5 फरवरी 2026

[ अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



अंधे मोड़ में लगे संकेत बोर्ड को असामाजिक तत्वों ने किया गायब 4




## खबर संक्षेप

### स्मारिका के संबंध में आवेदन कल तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी तक आयोजित है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रकाशित होने वाले स्मारिका ''जाज्वल्या'' में निजी संस्थानों का विज्ञापन प्रकाशन हेतु आवेदन 6 फरवरी तक कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के कक्ष क्रमांक 19 जाज्वल्यदेव महोत्सव शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

### सिलादेही में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 6 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही के सोनबरसा पारा में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 6 फरवरी शुक्रवार से रखा गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सिलादेही के पुरुषोत्तम कुमार साहू ने बताया कि अखंड नवधा रामायण का आयोजन 6 फरवरी दिन शुक्रवार से रखा गया है। व्यास आचार्य पंडित खूबकेश्वर तिवारी होंगे। इस दौरान मानस गायन प्रतियोगिता और रामराज्य अभिषेक का कार्यक्रम 14 फरवरी दिन शुक्रवार को रखा गया है। अखंड नवधा रामायण समिति सिलादेही के द्वारा चयनित मानस मंडलियों को आकर्षक पुरस्कार की राशि दिया जाएगा। अखंड नवधा रामायण का 15 फरवरी शनिवार को हवन, सहस्त्रधारा के साथ समापन किया जाएगा। आयोजन को लेकर सोनबरसा पारा सिलादेही के समस्त ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

### शिविर में 28 प्रकरणों का किया गया तत्काल निराकरण

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण हाने के अवसर पर प्रदेश में रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि संचालनालय द्वारा उक्त अवधि में संभाग स्तर एवं जिला स्तर पर कैम्प आयोजित कर, पेंशन एवं वेतन निर्धारण के प्रकरणों का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत जिला कोषालय जांजगीर में 30 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में वेतन निर्धारण हेतु कुल 63 प्रकरण प्राप्त हुए थे, जिसमें से 28 प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया गया है। शेष प्रकरण में आवश्यक दस्तावेज की कमी होने के कारण मार्ग दर्शन कर, पुनः प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है।

### कबड्डी प्रतियोगिता मड़ाई मेला कल

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत कुम्हारीकला (बाराद्वार) में 6 फरवरी शुक्रवार से दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं भव्य मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे राजेश कुमार चौहान सरपंच कुम्हारीकला, विशिष्ट अतिथि मंदाकिनी सुखेन बरेठ उपसरपंच कुम्हारीकला उपस्थित रहेंगी। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51,001 रुपये एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 31,001 रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 21,001 रुपये एवं ट्रॉफी, चतुर्थ पुरस्कार 11,001 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट ऑलराउंडर को 5001 रुपये एवं ट्रॉफी, बेस्ट रेडर को 2,101 रुपये एवं ट्रॉफी तथा बेस्ट कैचर को 2,101 रुपये एवं ट्रॉफी दी जाएगी।

### महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि मेला 15 से

**बिर्रा।** ग्राम जमडी (मल्दा) के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर पांच दिवसीय मेला का आयोजन 15 फरवरी से किया जाएगा। इस संबंध में सौरभ कुमार शुक्ला ने बताया कि भव्य महाशिवरात्रि मेला में झूला, तमाशा ,सर्कस, मौत कुआं और कई प्रकार के व्यंजन एवं मनोरंजन के साधन आदि का व्यवस्था ग्राम वासियों के द्वारा किया जा रहा है। मेला का समापन 19 फरवरी को होगा।

### उपार्जन केंद्रों में टोकन कटवाने पहुंचे किसान, धान बिक्री करने दो दिन का मिला मौका

# धान बेचने से चूके किसानों के लिए खुला पोर्टल, 9 सौ से अधिक का कटा टोकन

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जाजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हुए किसानों को अब दो दिन का मौका मिल गया है। इसके लिए बुधवार से पोर्टल खुल गया है। शासन ने कुछ गाइड लाइन के साथ पोर्टल खोला है। इसके दायरे में आने वाले किसान ही 5 और 6 फरवरी को उपार्जन केंद्रों में धान बेच सकेंगे। बुधवार 4 फरवरी को 9 सौ से अधिक किसानों का 40 हजार क्विंटल धान का टोकन काटा गया।



उपार्जन केन्द्र में रखा धान।

राज्य शासन द्वारा 15 नवंबर से शुरू की गई धान खरीदी 30 जनवरी को समाप्त हो गई। इस सीजन जिले में धान बेचने के लिए 1 लाख 25 हजार 570 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। निर्धारित तिथि तक 1 लाख 17 हजार 751 किसान ही समर्थन मूल्य पर धान बेच सके। इन किसानों ने 129 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 60 लाख 96 हजार क्विंटल धान बेचा। करीब 8 हजार किसान धान बेचने से वंचित रह गए। सरकार द्वारा बनाए गए कडे नियम के फेर में बहुत से किसान अपना धान नहीं बेच सके। इससे लगातार विरोध के स्वर उठने लगे। किसानों की मांग और परेशानी को देखते हुए राज्य शासन ने अब दो दिन का अतिरिक्त समय धान बेचने के लिए किसानों को दिया है। सरकार द्वारा 5 और 6 फरवरी को धान खरीदी की जाएगी। इसके लिए गाइडलाइन भी जारी किया गया है। निर्धारित गाइडलाइन में आने वाले किसान ही अब दो दिनों में अपना धान बेच सकेंगे। इसके लिए बुधवार 4 फरवरी को शासन का पोर्टल खुल गया। इधर किसान भी अपना टोकन कटवाने के लिए केन्द्रों में पहुंचने लगे। दिन भर में 9 सौ से अधिक किसानों ने 40 हजार क्विंटल धान बेचने के लिए टोकन कटवाया है। इन किसानों का धान 5 फरवरी को खरीदा जाएगा। इसी तरह 5 फरवरी को भी किसानों का टोकन काटने के बाद 6 फरवरी को धान खरीदी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 में 1 लाख 25 हजार 497 हेक्टेयर में 63 लाख 28 हजार 29 क्विंटल धान खरीदी की गई थी। इस बार 30 जनवरी तक 1 लाख 22 हजार 118 हेक्टेयर में 60 लाख 96 हजार 866 क्विंटल धान की खरीदी हुई। इस तरह पंजीकृत रकबे में 3 लाख हेक्टेयर की कमी हुई, तो वहीं बेचे गए धान के रकबे में 5 हजार हेक्टेयर से अधिक की कमी आई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए इस बार बनाए गए एग्रीस्टेक, किसान पंजीयन, आनलाइन गिरदावरी के चक्कर में किसान पूरे रकबे का धान नहीं बेच सके है। रकबा संशोधन व एग्रीस्टेक के चक्कर में किसानों को टोकन कटवाने के लिए परेशान होना पड़ा। वहीं भौतिक सत्यापन के कारण भी बहुत से किसान निर्धारित रकबे के अनुसार धान बेचने से वंचित रह गए। कई किसान ऐसे भी रहे जिन्होंने 10 जनवरी के बाद टोकन के लिए आवेदन किया था। वहीं टोकन मिलने के बाद भी कुछ किसान धान नहीं बेच सके थे। ऐसे में पात्र किसानों का धान खरीदने के लिए सरकार ने दो दिन का अतिरिक्त समय दिया है।

#### दो दिन होगी खरीदी

शासन द्वारा 5 और 6 फरवरी को धान खरीदने के लिए गाइडलाइन जारी किया गया है। पोर्टल 4 फरवरी को खुल गया है। पहले दिन ही 9 सौ से अधिक किसानों ने 40 हजार क्विंटल धान बेचने के लिए टोकन कटवाया है।

-अमित साहू,
नोडल अधिकारी, जिला सहकारी बैंक जांजगीर

# पीएम उज्ज्वला योजना का लाभ पाने महिलाएं लगा रही दफ्तरों का चक्कर

### आवेदन जमा करने के पूर्व फार्म का सत्यापन है जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पीएम उज्ज्वला योजना के तहत पात्र गरीब वर्ग की महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण करना है। इसके लिए अब आवेदन फॉर्म जमा करने की पूर्व संबंधित अधिकारियों से सत्यापन जरूरी है। इसे लेकर महिलाएं पटवारी, आरइओ एवं पंचायत सचिव के चक्कर लगा रही हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत जांजगीर चांपा जिले की महिलाओं को पात्रता के अनुसार निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण किया जाना है ताकि उन्हें भी धुएं से निजात मिल सके। योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन जमा करने के पूर्व हितग्राहियों के लिए फॉर्म को भरकर उसे पटवारी, पंचायत सचिव एवं आरइओ से सत्यापन करना जरूरी कर दिया गया है । ऐसी व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ताकि निर्धारित पात्रता रखने वाली महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके। इधर पीएम उज्वला योजना के तहत लाभ लेने के पूर्व ही महिलाओं को कई तरह की नियमों से होकर गुजरना पड़ रहा है। अब महिलाओं को ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने के पूर्व संबंधित ग्राम के पटवारी पंचायत सचिव से फार्म का सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है जिसके कारण महिलाओं को पटवारी सहित सचिव एवं अन्य अधिकारियों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत जांजगीर चांपा जिले के डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन दो चरणों के तहत प्रदान किया जा चुका है। वहीं अब तीसरे चरण के तहत ऑनलाइन आवेदन मंगाए जा रहे हैं। इसके लिए फॉर्म को पहले संबंधित अधिकारियों से सत्यापन करना जरूरी है। इसके बाद आवेदन की प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत संबंधित गरीब महिला के पास आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड के साथ-साथ संबंधित महिलाओं की इनकम 10 हजार से भी कम होनी चाहिए। इस तरह का मापदंड शासन के द्वारा निर्धारित किया गया है।

#### नहीं मिल पा रही सब्सिडी

प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त करने वाली पात्र गरीब वर्ग की महिलाओं को गैस सिलेंडर भरने के बाद 379 रुपए की सब्सिडी दी जानी है लेकिन महिलाओं को सब्सिडी नहीं मिल पा रही है। इसके कारण उन्हें गैस रिफिलिंग करने में परेशानी भी हो रही है। इसके अलावा सामान्य तौर पर घरेलू गैस कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को 67 रुपए का सब्सिडी मिलना रहता है लेकिन इस तरह की सब्सिडी उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही है।

#### सत्यापन करना जरूरी

प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत महिलाओं को आवेदन करने के पूर्व अपने फार्म का सत्यापन कराना जरूरी है। संबंधित पटवारी एवं पंचायत सचिव से सत्यापन करना है। इस संबंध में निर्देश भी जारी किया गया है।

-कौशल साहू,
जिला खाद्य अधिकारी, जांजगीर चांपा

## मामूली विवाद पर हत्या करने वाले नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मामूली विवाद पर एक ग्रामीण की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र के ग्राम मसनियाकला का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 फरवरी को ग्राम मसनियाकला निवासी सम्मेलाल श्रीवास के साथ गांव के ही मोहनीश कुमार कर्मवीर और एक नाबालिग बालक का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों ने लोहे के टांगी और अन्य हथियार से सम्मेलाल की ताबडतोड़ पिटाई कर दी। सम्मे लाल श्रीवास के सिर, गला, माथा एवं शरीर के अन्य भागों पर प्राणघातक वार किए गए। गंभीर रूप से घायल सम्मेलाल को उपचार हेतु शासकीय अस्पताल सक्ती लाया गया। उसकी हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद शासकीय अस्पताल जांजगीर ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। प्रकरण में धारा 103(1), 332(बी)बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

देखते हुए थाना प्रभारी लखन लाल पटेल द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित की गई। मौके पर साइबर यूनिट प्रभारी अमित सिंग, डॉग हेंडर प्रभारी सुनील गुप्ता एवं एफएसएल टीम प्रभारी को तलब कर घटना स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कराया गया। जांच के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि घटना की रात दो अज्ञात व्यक्ति मृतक के घर के आसपास रेकी करते हुए देखे गए थे। संदिग्धों के हुलिए के आधार पर पूछताछ की गई, जिसमें पता चला कि दो व्यक्ति घटना के बाद गांव से फरार हैं। दोनों संदिग्धों के मसनियाकला पहाड़ी क्षेत्र में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने मामले में आरोपी 37 वर्षीय मोहनीश कुमार कर्मवीर और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की टांगी को जब्त कर लिया गया है।

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**देवरी-सारागांव।** पुलिस ने घेराबंदी करते हुए एक आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सारागांव पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध रेड कार्यवाही कर आरोपी राकेश कर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके कब्जे से शराब बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को 20 साल सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नाबालिग का अपहरण कर अनाचार करने वाले आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। अपर सत्र न्यायाधीश पास्को ने मामले में फैसला सुनाया है।

इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार पीडिता के पिता ने 18 अक्टूबर 2024 को थाना अकलतरा में इस आशय की मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 16 साल की पुत्री 15 अक्टूबर की शाम गांव के पुराने घर जाने निकली लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने बहला फुसला कर बेटी के अपहरण का संदेह जताया। इस पर पुलिस द्वारा अज्ञात व्यक्ति के



विरूद्ध थाना अकलतरा में धारा 137 (2), भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। पीडिता के बरामद होने पर उसका बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया एवं पीडिता का कथन महिला पुलिस अधिकारी से कराया गया। पीडिता द्वारा अपने कथन में बताया गया कि बरगंवा निवासी 25 वर्षीय अभिनव सिंह ध्रुव द्वारा शादी का प्रलोभन देकर कर उसे अपने साथ ले जाकर चांपा में किराये के मकान में रखा था। वहां उसके साथ अनाचार भी किया गया। बाल कल्याण समिति से पीडिता का कथन कराया गया। पीडिता के माता, पिता का कथन लिया गया। अभियुक्त के विरूद्ध पर्याप्त सबूत पाये जाने पर उसको विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी(पास्को) रविन्दर कौर ने मामले की सुनवाई की। न्यायाधीश ने अभियोजन के तर्क और संपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर बरगंवा निवासी 25 वर्षीय अभिनव सिंह ध्रुव को दोषी पाया। न्यायाधीश द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) के अपराध के लिए 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3 सौ रुपए के अर्थदण्ड, धारा 96 के अपराध के लिए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 सौ रुपए के अर्थदण्ड तथा पाक्सो एक्ट की धारा 6 के अपराध के लिए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया । वहीं अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर कमशः 15 दिवस, 1 माह एवं 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगताने का दण्डादेश जारी किया गया। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) चंद्र प्रताप सिंह ने की।

## नवागांव रेत घाट में अवैध उत्खनन करते दो चैन माउंटेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन पर संयुक्त उडनदस्ता टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने नवागांव रेत घाट में दबिश देकर रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 2 चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया है।

रेत के अवैध कारोबार पर रोक लगाने प्रशासन ने संयुक्त टीम बनाई है। राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते



हुए ग्राम नवागांव स्थित रेत खदान क्षेत्र में जांच की गई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान मौके पर खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं लोडिंग में संलिप्त 2 चैन माउंटेन मशीनें पाई गईं। चालक एवं मालिक के फरार होने के कारण दोनों मशीनों को लावारिस अवस्था में जब्त कर सील किया गया।

जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नियमानुसार उपरोक्त वाहनों के वाहन चालको के ड्राइविंग लाईसेंस निरस्त करने संबंधी कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

### जगह-जगह बने बड़े बड़े गड्ढें से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

# देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव पहुंच मार्ग की हालत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क जर्जर हो चुका है। मार्ग में जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढें बन गए है। इससे 20 मीनट की दूरी तय करने में घंटों लग रहे है। ऐसा नहीं है कि इस मार्ग का मरम्मत नहीं हुआ है। डामर उखड़ने से सड़क में गड्ढे हो गए हैं। इससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है।

देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव की ओर जाने वाली सड़क बदहाल हो चुकी है। राहगीर कीचड़ और गर्मी के दिनों धुल से परेशान होते हैं। देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क में बड़े बड़े गड्ढें होने से घंटों समय लगता है। 13



देवरी तनौद मार्ग पर बने गड्ढे।

किलोमीटर दूरी सड़क चलने के लायक नहीं बचा है। सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढों से राहगीर परेशान है। विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर सड़क का डामरीकरण किया जाता है। डामरीकरण किया गया था जो लेकिनअब डामर उखड़ने से सड़क में बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है तनौद नवागांव मोड़ से तीन किलोमीटर सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। इससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है। जिससे आयें दिन होते रहते हैं ग्रामिणो की माने तो दुर्घटना का मुख्य कारण सड़क पर पानी बह रहा है। नल जल योजना तहत बनें पाईप लाईन व लिंकेज टेप नल का पानी जहां जहां फट रहा गुणवत्ताहीन पाइप फट रहा है। जिससे मुख्य मार्ग सड़क खस्ताहाल है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र की बढ़ती हुई आबादी के अनुरूप सड़कों के दोनों किनारे नालियों का निर्माण नहीं हो रहा है, जिससे खोरसी के कुछ घरों का गंदा पानी सड़कों में बहनें से सड़क के बीचों बीच पानी का जमाव होने से बरसात की तरह मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इस मामले को लेकर जिम्मेदार विभाग के अफसरो के द्वारा ध्यान तक नही दिया जा रहा है। जिसका खामियाजा देवरी,तनौद, नवागांव एवं भुईगांव सहित अन्य गांवो के ग्रामिणो को भुगतना पड जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ गई है।

## पानी निकासी की समस्या को लेकर महिलाओं ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के वार्ड क्रमांक 13 में नाली जाम होने से उत्पन्न गंभीर जल निकासी समस्या को लेकर पार्षद अभिषेक बंजारे के नेतृत्व में वार्ड की महिलाओं ने पुलिस थाना के सामने धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में वार्डवासी महिलाएं शामिल रहीं। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार प्रशांत गुप्ता एवं थाना प्रभारी भास्कर शर्मा मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रही महिलाओं एवं पार्षद से चर्चा कर स्थिति की जानकारी ली। महिलाओं ने प्रशासन को अवगत कराया कि वार्ड क्रमांक 13 की नाली का पानी



ग्राम खिसोरा की ओर जाता है, लेकिन ग्राम खिसोरा के कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर नाली को जाम कर दिया गया है। इसके कारण वार्ड क्रमांक 13 के निवासियों को भारी जलभराव एवं गंदगी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 5 फरवरी को ग्राम खिसोरा के सरपंच को बुलाकर समझाइश देने एवं आपसी समन्वय से समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को बांटा गया पाठ्य व खाद्य सामग्री

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के संकल्प महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र कोहड़िया के बच्चों के बीच गिफ्ट पैकेट पाठ्य व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष रूक्मणी सिंह ने बच्चों को उपहार देकर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि महिला मंडल की कार्यकारिणी बच्चों एवं महिलाओं के हित में कार्य करती रहती है। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रियंका पाटले, मनीषा पांडेय, कविता पंड्या, सचिव संगीता कोरम, सहसचिव मंजूषा बरदिया, कोषाध्यक्ष हर्षिता श्रीवास्तव एवं सांस्कृतिक सचिव स्वाति जैन उपस्थित रहीं।

### सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता सहित पांच कर्मचारियों को दी गई विदाई



**कोरबा।** एचटीपीएस कोरबा पश्चिम से माह जनवरी में अधीक्षण अभियंता शैलेष गुप्ता, वरिष्ठ पर्यवेक्षक रमेश कुमार जैस, मदन मोहन पांडेय, कनिष्ठ पर्यवेक्षक ठाकुर राम बरेठ, दिलीप कुमार दीवान और दफ्तरी कुसमा देवी राय सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी व कर्मचारियों को पावर कंपनी परिवार की ओर से विदाई दी गई। मुख्य अभियंता एचके सिंह के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके पांडे, केएनबी राव, पीके जोशी, एके शाह, एसके नायर, परियोजना प्रबंधक एसके पंड्या और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके कुरनाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर द्वारा कर्मचारियों के जीवन परिचय का उल्लेख किया गया।

### मोनू बने भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से मुख्यालय प्रभारी नवीन मार्कंडेय ने की है जिसमें 9 प्रदेश पदाधिकारी व 18 कार्य समिति सदस्य बनाए गए हैं। जिसमें जिले से अज्ञात यादव उर्फ मोनू यादव को प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है। अज्ञात यादव उर्फ मोनू यादव काफी लंबे समय से पार्टी को मजबूती दिलाने की दिशा में सेवा क्षेत्र में कार्य करते रहे हैं और गरीब असहयों का निरंतर सेवा भी करते रहे हैं। इनके कर्मठता को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने इन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। आने वाले समय में इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा।

### भूविस्थापित, किसानो, महिलाओं के लिए निराशाजनक बजट : भुवनेश्वरी

**कोरबा।** जिला महामंत्री महिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) भुवनेश्वरी दास ने कहा कि भूविस्थापित परिवारों के कम से कम एक सदस्य को पक्की सरकारी नौकरी की पुरानी मांग पर इस बजट में भी कोई स्पष्ट कानूनी गारंटी नहीं दी गई है कौशल उन्नयन को मजबूत करने की बात कही गयी इससे केवल निजी क्षेत्रो को लाभ होगा और कम वेतन और सामाजिक सुरक्षा के अभाव में युवाओं से काम लिया जाएगा। बढ़ती महंगाई को देखते हुए मुआवजे की गणना के फॉर्मूले में किसी बड़े बदलाव का जिक्र नहीं है। स्कूली शिक्षा में आबंटन में कमी कर दी गयी है और सार्वजनिक स्वास्थ के बजाय निजी क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाएगा।

# अब अमृत सरोवर स्थलों पर होगा सरोवर संवाद, ग्रामीणों को किया जाएगा जागरूक

## विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के प्रावधानों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**
- ग्राम पंचायत को सशक्त बनाने बनेगी कार्ययोजना
- उत्पादक और टिकाऊ परिसंपत्तियों का होगा निर्माण



अलग खबर

विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 के प्रावधानों एवं कानूनी अधिकारों की जन-जागरूकता के उद्देश्य से जिले के समस्त अमृत सरोवर स्थलों पर सरोवर संवाद का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में यह आयोजन विशेष सूचनात्मक सत्रों के रूप में चौपाल पर चर्चा के माध्यम से किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि भारत की संसद रा पारित विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी जी राम जी एक्ट, 2025 देश के विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक ऐतिहासिक कानून है, जो अब तक लागू महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का स्थान लेगा। इस नये अधिनियम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है, साथ ही सशक्त ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से टिकाऊ एवं उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। मिशन अमृत सरोवर के संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, अमृत सरोवर स्थलों को सामाजिक पहलों, राष्ट्रीय पर्वों एवं सामुदायिक गतिविधियों के केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना है। इसी क्रम में, ग्राम पंचायत स्तर पर अमृत सरोवर स्थलों पर विकसित भारत जी राम जी एक्ट 2025 के प्रमुख प्रावधानों एवं अधिकार-आधारित लाभों की जानकारी देने हेतु चौपाल पर चर्चा/सरोवर संवाद आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन संवाद सत्रों से ग्रामीणों को 125 दिनों की बढ़ी हुई रोजगार गारंटी मजदूरी, महिला कामगारों, अनुसूचित जाति-जनजाति परिवारों एवं कमजोर वर्गों के लिए उपलब्ध अधिकारों एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग के द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं पंचायती राज संस्थानों को निर्देशित किया है कि सभी अमृत सरोवर स्थल पर चौपाल पर चर्चा/सरोवर संवाद का आयोजन किया जाए,जिसमें ग्रामीणों, महिला कामगारों, अनुसूचित जाति/जनजाति परिवारों एवं कमजोर वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।आयोजित गतिविधियों का समुचित दस्तावेजीकरण किया जाए।पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से जियो-टैग्ड फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ आयोजन का विवरण अपलोड किया जाए।

## निगव व पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई, जाम से मिलेगी राहत

# फल व्यापारियों ने सड़क पर सजा रखी थी दुकान, बाजार के भीतर कराया गया शिफ्ट



इस तरह फल व्यापारियों किया था कब्जा।



फल दुकानों को शिफ्ट करने के बाद का नजारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फल व्यापारियों ने बुधवारी बाजार रोड किनारे अपनी दुकान लगा रखी थी जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था बुरी तरह से बाधित हो रही थी। इस मार्ग से गुजरने वाला हर कोई सड़क पर ही गाड़ी खड़ा कर देता था और सब्जी और फलों की खरीदी करते थे जिसकी वजह से आम लोगों का आना-जाना दुश्वार हो जाता था। यातायात पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने फल दुकान को अब बाजार के अंदर शिफ्ट कर दिया है जिससे अब काफी हद तक सड़क जाम से निजात मिल सकेगा।

उल्लेखनीय की शहर की सबसे पुरानी और बड़े बाजार बुधवारी बाजार में सड़क किनारे फल व्यापारियों ने अपना टेंट व तिरपाल लगाकर वर्षों से फल की दुकान लगा रहे थे। सड़क पर दुकान लगाने की वजह से आधे से ज्यादा सड़क पर फल व्यापारियों का कब्जा हो गया था और इस मार्ग में लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया था खास तौर पर बाजार के दिन सड़क पर ही लोगों की चार पहिया और दोपहिया वाहन खड़ा होती थी जिसके चलते सड़क के एक ओर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती थी। लगातार जाम की स्थिति निर्मित होने की वजह से यातायात पुलिस भी लगातार बाजार के दिन ट्रैफिक कंट्रोल करने में लगी रहती थी लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी रहती थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी व निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने सड़क पर सजने वाले फल दुकानों को हटाने की दिशा पर पहल की और बुधवार बाजार में दीवार खड़ी की। दीवार खड़े होते ही मंगलवार को यातायात पुलिस सउनि मनोज राठौर की टीम व नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों के टीम के साथ मंगलवार की सुबह बुधवारी बाजार पहुंची और सड़क पर सजने वाले फल दुकानों को

### बाजार के सामने मैदान में बनाया गया पार्किंग

बुधवारी बाजार मुख्यमार्ग एक ओर नगर निगम द्वारा पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई है लेकिन बाजार पहुंचने वाले लोग सड़कों पर ही गाड़ी खड़ा कर देते हैं और पार्किंग स्थल पर गाड़ी खड़ा नहीं करते हैं जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था लगातार चरमरा जाती है लेकिन अब नगर निगम और यातायात पुलिस एक्शन में नजरआएगी। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में पुलिस पार्किंग में ही वाहनों को खड़ा करने

### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा व रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रविशंकर नगर में धर्म, आस्था और भक्ति के वातावरण के बीच भव्य कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर कपिलश्वर शिव मंदिर से निहारिका साडा स्थित शिव मंदिर के लिये नगर भ्रमण पर निकले। कलश यात्रा के दौरान जयकारों, भजन-कीर्तन बैंड बाजा और ढोल-नगाड़ों से पूरा नगर शिवमय हो उठा। कलश यात्रा के पश्चात आयोजन स्थल पर श्रीमद्भागवत एवं शिव महापुराण कथा का आरंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अयोध्या से आये कथा वाचक श्री हनुमान दास जी द्वारा भगवान शिव की महिमा, भक्ति, वैराग्य तथा मानव जीवन में धर्म और सदाचार के महत्व पर भावपूर्ण प्रसंग सुनाए गए। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए। कपिलश्वरनाथ महिला मंडल सेवा समिति के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई थी। समिति कि संरक्षिका श्रीमती सुधा झा ने इस शिव महापुराण कथा और रूद्र महायज्ञ मे अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# शासन की सभी योजनाओं का लोगों को मिल रहा लाभ : लखनलाल



बटन दबाकर राशि जारी करते उद्योग मंत्री।

**खास बात**
- श्रम मंत्री और बीओसी अध्यक्ष ने बटन दबाकर 9328 श्रमिकों के खाते में डाले 18 .23 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दोनों के मंशा अनुरूप प्रदेश के श्रमिक भाई बहनों के साथ साथ उनके परिवार जनों की शिक्षा,स्वास्थ्य, सुरक्षा उपकरण, खेल प्रोत्साहन, सशक्तिकरण,आवास,पेंशन समेत सभी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वन कर समय सीमा में योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। साय सरकार श्रमिक हितेषी सरकार है। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर विगत दो वर्षों में अब तक श्रम विभाग के अधीन सभी मंडलों से 8 सौ करोड़ से अधिक की राशि श्रमिक भाई बहनों के खाते में अंतरित की जा चुकी है।

उक्त बातें उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने राजधानी में आयोजित संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की बोर्ड की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सिर्फ छग भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल से ही अब तक 11 लाख से अधिक श्रमिकों को 500 करोड़ से अधिक की राशि से लाभान्वित किया गया।

### हत्या करने वाले पिता पुत्र को आजीवन कारावास

**कोरबा।** दो साल पूर्व जमीन विवाद को लेकर हुए हत्या के मामले में पिता पुत्र के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आजीवन कारावास व पांच सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा दिलीप झा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीनारायण का बड़ा भाई कौशल प्रसाद तिवारी अपने पुत्र अशोक तिवारी के साथ मिलकर, लक्ष्मीनारायण से पैतृक जमीन की बात पर वाद विवाद किया था और कौशल प्रसाद तवारी अपने हाथ में रखे टंगिया से एवं आरोपी अशोक तिवारी अपने हाथ में रखा डण्डा से लक्ष्मीनारायण के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया था। उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी एचके रात्रे के द्वारा साक्षियों के कथन एवं घटना के तथ्यों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए घटना को संदेह से परे प्रमाणित पाते हुए आरोपीगण को आजीवन कारावास की सजा हुई।

### स्कूलों में विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करने के निर्देश

**कोरबा।** जिला कार्यालय कोरबा के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय आधार ऑपरेटरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जिला नोडल अधिकारी आईटी एवं ज्वाइंट कलेक्टर कौशल तेंदुलकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवीन आधार सॉफ्टवेयर प्रणाली के माध्यम से आधार पंजीयन, अपडेट एवं सुधार की प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के लिए यूआईडीएआई से आधार मास्टर ट्रेनिंग प्राप्त असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर श्री खुर्शीद आलम एवं मास्टर ट्रेनर संजय द्वारा तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने नवीन आधार प्रबंधन प्रणाली के संचालन, दस्तावेज सत्यापन, बायोमेट्रिक मानकों तथा आधार अपडेट प्रक्रिया के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- माहवारी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुंह)
* नसों से संबधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

लाइफ Style



# तापसी
## एक बार फिर कोर्टरूम में

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

एजेंसी ▶▶ जयपुर

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।

हॉलीवुड मसाला



# 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज़ को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।



# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।

# नए गाने की तैयारी में जुटी अक्षरा...



*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस', और 'काला टीका' जैसे टीवी शो में भी काम कर चुकी हैं।*

# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की गल' रिलीज

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा नहीं करना चाहिए। गीत के बोल बेहद सरल, मजेदार और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े हुए हैं, जिस वजह से ये गाना हर उम्र के लोगों को पसंद आ रहा है। वीडियो में अपारशक्ति और तुलसी की केमेस्ट्री आकर्षक दिखाई गई है। इसमें कुछ शादी के सीन भी दिखाए गए हैं। गाने को साधारण लेकिन बेहद प्यारे अंदाज में पेश किया गया है, जिसमें न तो ज्यादा ड्रामा है और न ही कोई भारी-भरकम सेटिंग।

# फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो शुरुआती दिन बेहद कठिन थे। मैं लगातार खुद पर शक करती थी और अपने फैसलों को लेकर आश्वस्त नहीं थी। इस असमंजस से बाहर निकलने में मुझे काफी समय लगा। इंडस्ट्री को समझना, अपने आप को पहचानना और हालात को स्वीकार करना एक लंबी सीख की प्रक्रिया रही।'



# इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



## भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय सितारे

*लॉस एंजिल्स। संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामाकंन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।



### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो उनकी पहली नामांकन थी। भारत इस बार पुरस्कार से चूक गया, लेकिन इन कलाकारों की वैश्विक पहचान भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत और क्लासिकल, फ्यूजन और कंटेम्परेरी शैलियों में भारत का योगदान जारी है।

## खबर संक्षेप

### बुड़गहन स्कूल में महिला पालकों द्वारा विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज



**जांजगीर-चांपा।** बलौदा जनपद अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय बुड़गहन में 3 फरवरी मंगलवार को ग्राम के महिला पालक समुदाय द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ साथ मीठी खीर एवं पुरी, केला का वितरण किया गया। आज की इस न्यौता भोज कार्यक्रम में विशेष रूप से आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती अजय शशि जगत, विधायक प्रतिनिधि श्रीमती दुर्गा देवी बरेठ,सुनीता पैकरा, ईश्वरी पैकरा,उषा प्रजापति, सावित्री नेताम, मोहिनी केवट, हेमा प्रजापति, सरीता केवट, मीना नेताम, पूर्णिमा केवट, मुन्नी केवट,देवकुमारी, सुनीता यादव, पुष्पा महंत, ईश्वरी केवट, संगीता,सुषमा,गोमती,नीलू कुम्हार,सतकुवंर, दिलेश्वरी, चंद्रकला, संतोषी, शिवा प्रजापति, भुवनेश्वरी बरेठ, सावित्री प्रजापति, रोहिणी केवट, सविता यादव का सहयोग रहा। इस न्यौता भोज कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत बुड़गहन नवलकिशोर सिंह, जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि रविवचन रात्रे, शिवदयाल बघेल,प्रधान पाठक श्री बालाराम कुर्रे,सतानंद भट्ट एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम :दवा सेवन कार्यक्रम 10 से 25 तक

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग जिला सक्ती द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (हाथीपांव) हेतु सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 10 फरवरी से 12 फरवरीतक बूथ स्तर में स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा खिलाई जाएगी और 13 फरवरी से 22 फरवरी तक मितानिन व आंगनबाड़ी के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी साथ ही 23 फरवरी से 25 फरवरी तक मापअप राउंड अंतर्गत छूटे हुए व्यक्तियों को दवा खिलाई जाएगी।

### कलेक्टर ने किसानों से शीघ्र किसान आईडी कार्ड बनवाने की अपील

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने किसानों से शीघ्र किसान आईडी कार्ड बनवाने का अपील किया है। भारत सरकार द्वारा जारी एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत किसानों के लिए डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनाना अनिवार्य किया जा रहा है। निकट भविष्य में सभी शासकीय कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किसान आईडी आवश्यक होगी। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की है कि वे शीघ्र अपना किसान आईडी कार्ड बनवाएं और डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने में सहभागी बनें। डिजिटल किसान आईडी कार्ड के माध्यम से किसानों को फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि अनुदान एवं कृषि ऋण जैसी महत्वपूर्ण शासकीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले में वर्तमान में एग्रीस्टैक पंजीयन हेतु 23,015 सक्रिय कृषक शेष हैं, जिनके लिए आगामी किस्त प्राप्त करने हेतु एग्रीस्टैक फार्मर आईडी का निर्माण अनिवार्य किया गया है। पीएम किसान की आगामी किस्त केवल उन्हीं किसानों को प्राप्त होगी, जिनका ई-केवायसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग एवं एग्रीस्टैक फार्मर आईडी पूर्ण होगा।

### दिवंगत प्रधान पाठक के परिजनों को दी गई संवेदना राशि

**बाराद्वार।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक ब्लॉक बम्हनीडीह के द्वारा बुधवार 4 फरवरी को सरहर (बाराद्वार) में जाकर दिवंगत कृष्ण कुमार निर्मलकर ( प्रधान पाठक) के परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया गया और संवेदना राशि दी गई। संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी गोकुल जायसवाल, छबि कुमार पटेल ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार चौहान, सचिव खमेलाल धीवर, जीवन लाल राठौर, भुवनेश्वर सिंह कंवर, देव कुमार चंद्रा, विरेन्द्र कुमार राठौर और साथी शिक्षकगण उपस्थित रहे।



## निधन

### अन्नपूर्णा देवी गोयल



**चांपा।** स्थानीय शनि मंदिर मार्ग सदर बाजार निवासी अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. जगदीश प्रसाद गोयल की धर्मपत्नी एवं नवल गोयल की माता श्रीमती अन्नपूर्णा देवी गोयल का मंगलवार 3 फरवरी को शाम 4 बजे निधन हो गया। वे 74 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती गोयल अपने पीछे तीनी पुत्रों एवं दो पुत्रियों समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 4 फरवरी को पूर्वान्ह 11:30 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक बडी संख्या में मौजूद रहे।

### आवागमन करने वाले राहगीरों को होती है परेशानी

# अंधे मोड़ में लगे संकेत बोर्ड को असामाजिक तत्वों ने किया गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह



मार्ग पर लगे खंभों से संकेतक बोर्ड हुए गायब।

सरवानी-अफरीद मार्ग में अंधा मोड़ पर राहगीरों को सचेत करने के लिए लगे रेडियम सिग्नल संकेतक बोर्ड को असमाजिक तत्व ने एक-एक गायब कर दिया है। अब मार्ग के अंधा मोड़ रास्ते पर अब एक भी संकेतक बोर्ड नहीं है। इस मार्ग पर चलने वाले राहगीरों को हमेशा रात के अंधेरे में अंधा मोड़ रास्ते पर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

गौरतलब है कि सड़क निर्माण होने के बाद विभाग द्वारा मार्ग में राहगीरों को जानकारी देने व सुरक्षित वाहन चलाने के लिए जगह-जगह संकेतक बोर्ड लगाया जाता है। संकेतक बोर्ड लगने से राहगीरों को भी वाहन चलाते समय इसके माध्यम से सुरक्षित वाहन चलाने की जानकारी मिलती है, लेकिन अब असामाजिक तत्वों द्वारा इसे भी नहीं बख्शा जा रहा है। बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम सरवानी से होते हुए झर्रा, पचोरी, अफरीद मार्ग पर खतरनाक अंधा मोड़ पर राहगीरों को अंधेरे में रास्तों डायरेक्शन दिखाने एवं अंधेरों में हादसों से बचाने के उद्देश्य से संकेतक बोर्ड लगाया गया है। खंभे पर लगे संकेतक बोर्ड को असामजिक तत्वों ने गायब कर दिया है। साथ ही उसके बाद संकेतक बोर्ड के खंभों को नीचे जमीन पर ढहा दिया गया है। पुलिस हाथ नहीं आने के कारण उनके हौसले बुलंद है। ग्रामीणों ने बताया कि असामाजिक तत्वों ने एक एक कर सरवानी-अफरीद मार्ग पर लगे संकेतक को गायब कर दिया है। इस मार्ग के अंधा मोड़ रास्तों पर अब एक भी संकेतक नहीं है। आलम यह है कि इस मार्ग पर चलने वाले राहगीरों को हमेशा रात के अंधेरे में अंधा मोड़ रास्ते पर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सड़क पर लगे संकेतक बोर्ड नहीं होने से रात मे रास्ते ठीक से दिखाई नहीं देते और वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होते है। शाम होते शराबी सड़कों पर जाम छलकाते है। चोरिया, सरवानी, झर्रा क्षेत्र के सड़कों पर शाम होते शराबी दारू लेकर पीने बैठते है। नशे में कई असमाजिक तत्व हरकत भी करते है। इस तरह के कारनामे से जहां सड़कों पर परिवार के साथ चलने वाले मुसाफिरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। सड़कों एवं तालाबों सहित सार्वजनिक जगहों पर खाली शराब की बोतलें पोलीथीन डिस्पोज आदि को सड़कों पर ही छोड़ देते है या बोतलों को फोड़ देते है जिससे जिससे राहगीरों के वाहन आए दिन पंक्चर होते रहते है। इसके चलते आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग नहीं होती है इसके चलते असमाजिक तत्वों के हौसले बुलंद है। सड़कों पर लगे रेडियम संकेतक बोर्ड रात में बहुत उपयोगी होता है। रात में सफर के दौरान कई अंधा मोड़ रास्तो का सामना करना पडता है जिससे उन रास्तों पर हादसे की आशंका अधिक होती, इस कारण हादसों को रोकने एवं सही दिशा दिखाने के लिए अंधा मोड़ रास्तों पर रेडियम सिग्नल लगाया जाता है जो रात मे गाड़ी के लाइट से चमकती है और रास्तों की दिशा को दिखाती है पर असामाजिक तत्वों की नजर इस पर पड़ गई और धीरे धीरे इसे गायब करने में जुटे है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती




छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा हेतु अर्हता तिथि 1 जनवरी के संदर्भ में बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली गई।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वीडियो कांन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति व अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पुनरीक्षण कार्य से संबंधित सभी कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित पूर्ण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री कावेरी मरकाम सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कबड्डी प्रीमियर लीग में चंद्रोदय स्पोर्टस क्लब को मिला प्रथम पुरस्कार

**अकलतरा।** ग्राम अकलतरी में अकलतरा ब्लॉक कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन 1 से 3 फरवरी तक किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार अलग-अलग निर्धारित किए गए थे।

बालिका वर्ग में प्रथम पुरस्कार चंद्रोदय स्पोर्ट्स क्लब बालिका दल अकलतरी को 25 हजार नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। द्वितीय पुरस्कार मातारानी उमावि को 15 हजार रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय



गोंडवाना फाइटर पचरी (दल्हा) को 10 हजार रुपये एवं ट्रॉफी, चतुर्थ पुरस्कार जय बजरंग दल अकलतरी को 7 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार पारसनाथ धाम परसाही टीम को 50 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी दी गई। द्वितीय पुरस्कार गोंडवाना फाइटर टीम पचरी को 30 हजार रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार लवकुश दल पोड़ी दल्हा को 20 हजार रुपये एवं ट्रॉफी, चतुर्थ पुरस्कार संकट मोचन दल कटघरी को 15 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रजनी सत्तू साहू ने कहा कि जीवन में खेलों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। विशिष्ट अतिथि जिला कबड्डी संघ के जिलाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने कहा कि बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं का एक साथ आयोजन ऐतिहासिक क्षण है।

## अघोर विद्यापीठ के विद्यार्थियों को कराया गया मैनपाट का एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा अकलतरा में विद्यालय के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण एवं पिकनिक हेतु छत्तीसगढ़ का शिमला 'मैनपाट' ले जाया गया। अघोर विद्यापीठ के संस्थापक परम श्रद्धेय बाबा कापालिक धर्म रक्षित राम से आशीर्वाद लेकर बच्चे शिक्षकों की देखरेख में मैनपाट के लिए रवाना हुए।

प्राचार्या ने बच्चों को बताया कि मैनपाट को 'मिनी तिब्बत' कहे जाने के मुख्य कारण यहां रहने वाले तिब्बती शरणार्थी हैं जिन्हें 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद यहाँ बसाया गया था, जिन्होंने इस जगह को अपना घर बना लिया।बौद्ध मठ और संस्कृतिः यहाँ कई तिब्बती मठ, प्रार्थना ध्वज और बौद्ध मंदिर हैं जो तिब्बती संस्कृति की झलक दिखाते हैं। यह विंध्य पर्वत श्रृंखला पर 3,781 फीट की ऊंचाई पर है। विद्यार्थियों को मैनपाट में विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया गया जिनमें से यहाँ का मुख्य आकर्षण केंद्र बौद्ध मंदिर, तिब्बती संस्कृति, के विषय में ऐतिहासिक जानकारी प्रदान की गई। यहाँ का बौद्ध मंदिर बहुत प्रसिद्ध है। पर्यटक स्थलों में उल्टा पानीः यहाँ पानी नीचे के बजाय ऊपर की ओर बहता हुआ प्रतीत होता है। जलजलीलगभग 2-3 एकड़ में फैली यह जमीन गद्दे की तरह हिलती (स्पंजी) है। और टाइगर पॉइंट जलप्रपात यहाँ ऊंचे पहाड़ से गिरता झरना है। फिश पॉइंटः मनोरम दृश्यों के साथ रंगीन मछलियां यहां की प्राकृतिक सुंदरता को और भी बढ़ाता है। इस प्रकार बच्चों को इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विभिन्न पर्यटन स्थानों एवं ऐतिहासिक जानकारियां भी प्राप्त हुई।

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 10 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

चंडी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंडीपारा में 30 जनवरी शनिवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रोशन ओग्रे सहायक संचालक वित्त विभाग थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज दुबे अध्यक्ष संचालन समिति द्वारा किया गया एवं विशिष्ट अतिथि व्यवस्थापक जनक श्रीवास, विद्यालय समिति के सदस्य मिठाई लाल राज, सुखसागर ओग्रे उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु मंदिर चंडीपारा के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही सुंदर-



छात्र को सम्मानित करते अतिथि।

सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। समिति सदस्यों द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया एवं वर्ष 2024-25 में कक्षा दसवीं में उत्तीर्ण भैया नरेंद्र खरे 92 प्रतिशत प्रथम स्थान कल्याणी श्रीवास 87 प्रतिशत दूसरा स्थान घनिष्ठ कश्यप 80 प्रतिशत तीसरा स्थान प्राप्त छात्रों को सम्मान चिन्ह द्वारा मुख्य अतिथि रोशन ओग्रे द्वारा सम्मानित किया गया। उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए रोशन ओग्रे ने कहा कि उनकी दसवीं तक कि शिक्षा इसी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय से हुई है। यहां के गुरुओं के आशीर्वाद एवं दिये संस्कार से आज राज्य प्रशासनिक सेवा में कार्य करने का अवसर मिला है। इस अवसर पर पालक गण एवं छात्र छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

### जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 7 को

**सक्ती।** भारत में प्रतिवर्ष विभिन्न विभागों में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा एक लाख से अधिक शासकीय पदों पर भर्ती की जाती है। इन पदों हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं का मूल पाठ्यक्रम सामान्य ज्ञान, रीजनिंग, गणित एवं अंग्रेजी भाषा पर आधारित होता है। यदि विद्यार्थी कक्षा 9वीं से 12वीं तक केवल अवेयरनेस स्तर पर तथा स्नातक स्तर पर नियमित तैयारी करें। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला सक्ती द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से हायर सेकेंडरी विद्यालयों में वर्ष में तीन बार जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 7 फरवरी को जिले के समस्त हायर सेकेंडरी विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाते हुए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुधाकर बोदले द्वारा जानकारी दी कि सक्ती जिले के 135 शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में 8000 तथा कक्षा 11वीं में 5000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस प्रकार कुल 13,000 विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी




कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु।

माँ समलाई दाई की धरा ग्राम गतवा में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कथा व्यास आचार्य पं. सुनील तिवारी महाराज कसडोल ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण एवं सारगर्भित वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

ग्राम गतवा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा प्रसंग में महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु के अवतरण से पूरे गोकुल में आनंद, उत्साह और उत्सव का वातावरण छा गया था। उन्होंने माखन चोरी लीला के माध्यम से बालकृष्ण की चंचलता, वात्सल्य और प्रेम भाव का सुंदर चित्रण किया।साथ ही गोवर्धन पूजा प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को चूर कर ब्रजवासियों को प्रकृति पूजन, कर्म और निष्काम भक्ति का संदेश दिया।संगीतमय भजनों एवं मधुर कथा-वाचन के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। पूरा कथा पंडाल "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गूंज उठा और ग्राम गतवा का वातावरण पूर्णतः कृष्णमय हो गया। कथा के अवसर पर मुख्य यजमान सरपंच भुवन सरस्वती साहू, क्रांति रोहणी साहू, नारायण सेवती बाई, हेतराम शिवकुमारी, एम.एल. साहू, जैतूराम, किशन साहू, संतोष साहू, दाऊराम साहू, दादू चंद्रा, भुनेश्वर साहू, रामेश्वर, मालिकराम, शिव साहू, भूपेन्द्र साहू, संजू साहू, प्रज्ञानंद डडसेना, ओमशरण साहू, रामशरण, पुनीराम, भादोंलाल, माधव साहू, रामदुलार मांझी, महावीर साहू, उमाशंकर चंद्रा,छतराम साहू दया लाल, लखन केंवट, धरमलाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गुंजन एजुकेशन सेंटर में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

गुंजन एजुकेशन सेंटर में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक सफर की स्मृतियों, संघर्षों और उपलब्धियों को साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।




प्रशिक्षण में शामिल स्कूल के स्टाफ।

समारोह में डायरेक्टर नितिन सोनी एवं अन्नपूर्णा सोनी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन, निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में तुलेश चन्द्रा, गोविंद दास, देविका पटेल, नेहा गुप्ता, कविता देवांगन, सारिका सोनी, पुष्पा यादव, पीयूष यादव, छोटेलाल राठौर, पूनम यादव, आंचल साहू, अंजली पटेल, युक्ता जायसवाल, काजल महंत, भूमेश यादव, नीतू यादव, ज्योति देवांगन सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने विद्यार्थियों को परीक्षा और जीवन की अगली चुनौतियों के लिए मार्गदर्शन दिया। विदाई समारोह के दौरान बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि गुंजन एजुकेशन सेंटर ने उन्हें न केवल पाठ्यक्रम की तैयारी कराई, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की दिशा भी दिखाई। कार्यक्रम का समापन शुभकामनाओं, प्रेरक संदेशों और आत्मीय माहौल के साथ हुआ।

### अकलतरा में हर्षोल्लास से मनाई गई संत रविदास जयंती

# एक ऐसा समाज जहां ना कोई छोटा है और ना ही बड़ाः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



महान संत, कवि, दार्शनिक एवं समाज सुधारक संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा, उल्लास एवं सामाजिक समरसता के वातावरण में मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी, उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव, सुरेश मिरचन्य, राज सिंह, मोहम्मद इमरान खान, दिलेश्वर विश्वकर्मा, अंकित सिंह सिसोदिया, सहित नगर के अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राघवेंद्र कुमार सिंह ने संत रविदास की बेगमपुरा की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ऐसा समाज है, जहां न कोई छोटा है न बड़ा, न भेदभाव है और न अन्याय। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी ने संत रविदास जी की अमर वाणी "मन चंगा तो कठौती में गंगा" का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि मन शुद्ध और उद्देश्य स्पष्ट हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। वार्ड पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव ने कहा कि रविदास समाज के लोग परिश्रमी, निष्ठावान एवं अनुशासनप्रिय हैं तथा आज शिक्षा, व्यापार, शासकीय सेवाओं सहित हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जो समाज के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान मोहम्मद इमरान खान ने समाज के लिए एक सामाजिक भवन की आवश्यकता को मुख्य अतिथि के समक्ष रखा। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षकों दशरथ नामदेव, कौशिक सर एवं ओमप्रकाश साहू ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज को जागरूक होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा एवं पूर्व उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन अहिरवार समाज अध्यक्ष राकेश कुमार अहिरवार एवं वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद सुरेश मिरचन्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अहिरवार समाज के अध्यक्ष राकेश अहिरवार के द्वारा मुख्य अतिथि को संत रविदास की छायाचित्र भेंट की गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com




बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशिः- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411